No. of Page : 4 नामांक ROLL NO. P - 53
No. of Q. : 21

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा - 2018-19

## Class-XI

Time : 3¼ Hr. विषय - हिन्दी MM. : 70

### खण्ड - क

नोट :- 1. सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।
2. जिन प्रश्नों के आंतरिक खण्ड हैं उन सभी प्रश्नों के उत्तर एक साथ ही लिखें।

1. निम्नांकित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 4

धर्म या सत्य की खोज आध्यात्मिक आवश्यकता है। ब्रह्माण्ड की प्रक्रिया पर दृष्टिपात करने पर हम पाते हैं कि एक वस्तु के बाद दूसरी वस्तु अस्तित्व में आ रही है। एक घटना के बाद दूसरी घटना घट रही है। महान सभ्यताओं, कला के महान प्रतीकों तथा अन्य महान वस्तुओं का उदय होता है, विकास होता है और फिर अन्त हो जाता है। और हम प्रश्न करते हैं कि क्या अन्त होना ही सब कुछ है या कुछ ऐसा भी है, जिनका अन्त नहीं होता? सतत परिवर्तन की इस प्रक्रिया में क्या कुछ ऐसा भी है जिसे अपरिवर्तनीय माना जा सकता है? यह ऐसा प्रश्न है जिसे हर प्रबुद्ध व्यक्ति अवश्य ही उठाता है। वह यह नहीं सोच सकता कि मात्र विनाश ही सम्पूर्ण अस्तित्व का अन्त है और ब्रह्माण्ड की प्रक्रिया का उदय होता है और अवसान हो जाता है। यह प्रश्न अवश्य ही उठता है और यही कारण है कि सत्य के महान खोजी यह प्रश्न करते हैं।

उपनिषद् के ऋषि ने कहा है, "असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्योर्मामृतं गमय" अर्थात मुझे असत्य से सत्य, अंधकार से प्रकाश और मृत्यु से अमरत्व की ओर ले चल। इससे यही सिद्ध होता है कि सत्य सनातन एवं शाश्वत प्रकाशमान रहता है, आत्मा उससे ज्ञान-ज्योति से विभक्ति होकर अमरत्व को प्राप्त होती है। इसमें वह शाश्वत सत्य आध्यात्मिक चिन्तन का परिचायक माना जाता है और सत्य का अंतिम छोर भी नहीं है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1
(ii) धर्म या सत्य की खोज किसकी आवश्यकता है? 1
(iii) इस सृष्टि में अपरिवर्तनीय किसे बताया है? और क्यों? 2

2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए-4

खड़-खड़-खड़-खड़ करने वाले
ओ पीपल के पीले पत्ते





अब न तुम्हारा रहा जमाना॥
शक्ल पुरानी, रंग पुराना,
सीख पुरानी ढंग पुराना,
अब न तुम्हारा रहा जमाना॥
आज गिरो, कल गिरो कि परसो,
तुमको तो अब गिरना ही है।
बदल गयी ऋतु, राह देखती,
लाल-लाल पत्तों की दुनिया।
हरे-हरे कुछ भूरे-भूरे,
टूसों से लद रही डालियाँ।
इनका स्वागत करते जाओ,
पतझर आया झरते जाओ।

(i) कवि ने पीले पत्ते किन्हें कहा गया है? 1
(ii) पीले पत्तों की नियति क्या है? 1
(iii) लाल-लाल पत्ते किनके प्रतीक है? 1
(iv) 'पीपल के पीले पत्ते' में अलंकार बताइए। 1

### खण्ड - ख

3. विस्मयादिबोधक अव्यय किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए। 1
4. निम्न तद्भव शब्दों के तत्सम रूप लिखिए। 1
(i) खीर (ii) उलाहना
5. रेखा नवीन की बड़ी बहिन है, जो पंचम नगर नें रहती है। उपर्युक्त वाक्य रचना के आधार पर किस प्रकार का वाक्य है? rbseonline.com 1
6. निम्न वाक्य में उचित विराम चिन्हों का प्रयोग करके पुनः लिखिए। राणा ने कहा प्राणों को हथेली पर रख कर देश के गौरव की रक्षा करूँगा। 1½
7. निम्नांकित का पल्लवन कीजिए- (50 शब्द) 1½
क्षमा वीरों का आभूषण है।
8. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर सारगर्भित निबंध लिखिये- 6
(i) अंतरिक्ष में विज्ञान (ii) जल संरक्षण - आज के संदर्भ में
(iii) बढ़ते वाहन : घटती साँसें (iv) स्वच्छता अभियान एवं विद्यार्थी

### खण्ड 'ग' प्रज्ञा-प्रवाह

9. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- उत्तर सीमा 80 4
टेक्नोलॉजी विज्ञान से भिन्न एक सामुहिक-गतिविधि है। यह किसी एक व्यक्ति की बुद्धि या समझ पर आधारित नहीं होती बल्कि कई व्यक्तियों की आपसी

बौद्धिक प्रतिभा पर आधारित होती है। मेरा मानना है कि आई.जी.एम.डी.पी. की सबसे बड़ी सफलता का तथ्य यह नहीं है कि देश ने रिकार्ड समय के भीतर पाँच मिसाइल प्रणालियाँ विकसित कर लेने की क्षमता हासिल कर ली बल्कि तथ्य यह है कि इसके माध्यम से वैज्ञानिकों एवं इंजीनियरों की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमें तैयार हो गई। अगर कोई मुझसे भारतीय राकेट-विज्ञान में मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि के बारे में पूछता है तो मैं बताऊँगा कि मैंने नौजवानों की टीमों के लिये एक ऐसा माहौल तैयार किया जिसमें वे अपने दिल और आत्मा को सहर्ष अपने मिशन में लगा सकें।

**अथवा**

मित्रों के चुनाव की उपयुक्तता पर उसके जीवन की सफलता निर्भर हो जाती है, क्योंकि संगति का गुप्त प्रभाव हमारे आचरण पर बड़ा भारी पड़ता है। हम लोग ऐसे समय में समाज में प्रवेश करके अपना कार्य आरंभ करते हैं जबकि हमारा चित्त कोमल और हर तरह का संस्कार ग्रहण करने योग्य रहता है। हमारे भाव अपरिमार्जित और हमारी प्रवृत्ति अपरिपक्व रहती है। हम लोग कच्ची मूर्ति के समान रहते है, जिसे जो जिस रूप में चाहे, उस रूप में ढाले-चाहे राक्षस बनाए, चाहे देवता।

10. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- उत्तर सीमा 80 शब्द 4

रानी मैं जानी अजानी महा, पवि पाहन हू ते कठोर हियो है।
राजहु काज अकाज न जान्यो, कह्यो तिय को जिन काज कियो है॥
ऐसी मनोहर मूरतिये, बिछुरे कैसे प्रीतम लोग जियो है।
आंखिन में सखि! राखिबे जोग, इन्हें किमि के बनवास दियो है॥

**अथवा**

बदली जो न, अल्पायु वर भी वर लिया सो वर लिया,
मुनि को सता कर भूल से, जिसने उचित प्रतिफल दिया।
सेवार्थ जिसने रोगियों के था विराम लिया नहीं,
थी धन्य सावित्री, सुकन्या और अंशुमती यहीं॥

11. 'महाकवि जयशंकर प्रसाद' संस्मरणात्मक रेखाचित्र के आधार पर प्रसाद के विद्याव्यसनी स्वभाव पर प्रकाश डालिए। 3

**अथवा**

राष्ट्रभाषा रूप में अंग्रेजी के समर्थन और हिन्दी के विरोध में क्या तर्क दिये जाते हैं? "फिर से सोचने की आवश्यकता है" निबंध के आधार पर बताइए।

12. "श्री कृष्ण का सानिध्य एवं ब्रजभूमि का सामीप्य पाना रसखान के लिए अलौकिक आनन्द की अनुभूति है।" इस आधार पर रसखान की कृष्ण भक्ति की विशेषताएँ लिखिए। (उत्तर-सीमा 80 शब्द) 3



**अथवा**

'भिक्षुक' कविता में करूणा का प्रतिबिम्ब झलकता है। पठित कविता के आधार पर समझाइये।

13. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-
   - (i) "सतगुरू साँचा सूरिवाँ" कबीर ने किस कारण सतगुरू को सूरिवाँ कहा है? 2
   - (ii) सीताजी को थका हुआ जानकर श्री राम ने कौनसा उपक्रम किया है? 2
   - (iii) तीसरी प्रकार की नावें 'डोंगा' की क्या विशेषता है? लिखिए। 2
   - (iv) घोड़ा प्राप्त करने के लिये डाकू खड़गसिंह ने अपाहिज व्यक्ति होने का किस प्रकार दिखावा किया? 2

14. निम्नांकित में से किसी एक का साहित्यिक परिचय दीजिए- 4
   (i) सुमित्रानन्दन पंत (ii) सुदर्शन

15. निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिये- 2×2=4
   - (i) "दर्पण सा फैला है विशाल" कवि ने दर्पण सा किसे कहा है?
   - (ii) 'इसरो' का पूरा नाम क्या है?

## खण्ड - 'घ' कथा-धारा

16. (i) 'शरणदाता' कहानी की मूल संवेदना और उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए। 4
   (ii) 'देशभक्त' कहानी के केन्द्रीय पात्र की चरित्रगत विशेषताएँ बताइये।

17. निम्नांकित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 6
   - (i) ठाकुर भूपसिंह ने आनन्दी का विवाह श्रीकंठ से क्यों किया?
   - (ii) मनोहर द्वारा भाड तोड़ने पर सुखाला के मन की व्यथा को अपने शब्दों में लिखिए।
   - (iii) देवेन्दर को लौहौर की मुहरवाली चिट्ठी में क्या संदेश मिला? लिखिए।
   - (iv) रामेश्वरी के मन में बच्चों के प्रति घृणा का भाव क्यों बढ़ता जा रहा था?

## खण्ड 'ड' संवाद सेतु

18. विश्व में पत्रकारिता का आरम्भ कहाँ से हुआ? (40 शब्द) 2
19. लोक-माध्यम किसे हैं? उदाहरण सहित समझाइये। (40 शब्द) 2
20. जनसंचार के आधुनिक माध्यम कौनसे हैं? संक्षेप में बताइये। 2
21. आप ब्यावर निवासी सौरभ हैं। कोटा में कोचिंग कर रहे अपने छोटे भाई हिमांशु को पत्र लिखिए, जिसमें अध्ययन के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेने की सलाह दीजिये। 4

❖❖❖